संक्षिप्त

रन फॉर यूनिटी का आयोजन

नारायणपुर। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत कस्बे के खेल स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन थानाधिकारी रोहिताश कुमार के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित पुलिसकर्मी, खिलाड़ी और ग्रामीणों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली तथा देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इसके बाद रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, पुलिसकर्मी, ग्रामीण व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय एकता और सद्भाव के संदेश वाले बैनर लिए हुए देशभक्ति के नारों के साथ एकता का संदेश दिया।

प्रतिभाओं को किया सम्मानित

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं मेगा पीटीएम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षाधिकारी सुशीला करनानी एवं प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने मां सरस्वती एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व तिलक लगाकर किया। मुख्य जिला शिक्षाधिकारी सुशीला करनानी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई व एकता, अखंडता तथा देशभक्ति के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए। उन्होंने पीएमश्री विद्यालय की योजना की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रखर राजस्थान 2.0 के उद्देश्यों पर प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया। अभिभावकों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति, खूबियों एवं सुधार के क्षेत्र पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रश्नोत्तरी का आयोजन

निवाई। राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सीएल मीणा की अध्यक्षता में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। अध्यक्षता कर रहे डॉ. मीणा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प और साहस से सभी रियासतों को मिलाकर भारतीय संघ का निर्माण किया। डॉ. मुकेश मीणा ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवन परिचय देते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजाद भारत तक अपना जीवन बलिदान किया। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। छात्रा शिवानी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर विचार व्यक्त किया।

सरदार पटेल की 150 वीं जयंती मनाई

मनोहरपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार सुबह थाना मनोहरपुर की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह की ठंडी हवाओं में जब दौड़ की शुरुआत सरस्वती कॉलेज से हुई दौड़ टोल प्लाजा तक पहुंची, जहां समापन के साथ ही देशभक्ति का माहौल चरम पर था। कार्यक्रम में शाहपुरा एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, थानाधिकारी भगवान सहाय, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, पुलिस जवान और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

शिविर 3 नवम्बर से

निवाई। नगरपालिका कार्यालय में 3 नवम्बर से शहरी सेवा शिविर का आयोजन होगा। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शहरी सेवा शिविर 2025 का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किएगए थे। जिनका फोलोअप केंप 3 नवम्बर से 11 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। जिनमें प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सरदार वल्लभ भाई पटेल अदम्य दृढ़ता, राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्त्रोत थे : केंद्रीय वन मंत्री

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रात: नेहरू उद्यान से यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर स्वयं शामिल हुए। यूनिटी मार्च मन्नी का बड, होप सर्कस, त्रिपोलिया होते हुए विवेकानन्द सर्किल पर जाकर सम्पन्न हुई। इस दौरान केंद्रीय वन मंत्री यादव ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया किइस अवसर पर केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' बनाने की संकल्पना को साकर करने की दिशा में ऐसी गौरवशाली युवा पीढी तैयार करना है जो एक यूनिट के साथ देश के लिए काम करें। इसके लिए उन्होंने तीन मंत्र दिए पहला अच्छा स्वास्थ्य, नौजवान सरदार वल्लभ भाई पटेल से प्रेरणा लेकर इस यूनिटी मार्च के माध्यम से संकल्प लें कि एक यूनिट के साथ काम करके नशामुक्त भारत की तरफ आगे बढेंगे। दूसरा अच्छा चरित्र कौशल, युवाओं के पास स्किल होना आवश्यक है बिना स्किल के आगे नहीं बढा जा सकता है। इसके लिए ऐसी युवा पीढी का निर्माण करें जो स्किलयुक्त हो तथा तीसरा नागरिक कर्तव्य, हमारे

मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने पटेल की जयन्ती परयूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च पदयात्रा का हुआ आयोजन

जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य होना चाहिए कि जो जीवन मनुष्य के रूप में हमें मिला है उसे देश के अच्छे नागरिक के रूप में राष्ट्रीय कर्तव्यों को पूरा करने में समर्पित करें।

उन्होंने कहा कि अदम्य दृढता, राष्ट्रभक्ति के प्रेरणास्त्रोत सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में पूरे देश में पदयात्राओं का आयोजन किया जा रहा है इस दौरान नशामुक्त भारत, स्वदेशी भारत, आत्मनिर्भर भारत बनाने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित कराई जा रही है।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की एकता व अस्मिता की पहचान है। देश को एकता के सूत्र में पिरोने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत की अखण्डता व एकता को बनाने में सभी का योगदान बेहद जरूरी है।

इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मूल चंद डीगवाल ,पूर्व विधायक राजेन्द्र गण्डुरा, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला खेल अधिकारी श्रीमती अंजना शर्मा, नेहरू युवा केंद्र के कॉर्डिनेटर पंकज यादव, देशराज खरेरा, ऋषिराज शर्मा, सतीश यादव, जितेन्द्र सैनी, महेश निहालवानी, सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, बडी संख्या में विद्यार्थी, युवा एवं आमजन मौजूद रहे।

त्रिवेणी धाम के संत से सांभर में सानिध्य प्रदान करने का अनुरोध

सांभरझील। शाहपुरा त्रिवेणी धाम के संत श्री श्री 1008 श्री खोजी जी द्वाराचार्य श्री राम रिछपाल दास जी महाराज से सांभर में नवनिर्मित श्याम बाबा मंदिर की आयोजित होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सैकड़ो भक्तों को सानिध्य प्रदान करने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को जयपुर के भामाशाह व समाजसेवी चार्टर्ड अकाउंटेंट विजय कुमार गोयल, श्याम रंगीला परिवार के सक्रिय सदस्य पंकज कुमार सिंघानिया, सदस्य श्यामसुंदर जोबनेरिया व पूर्व लिपिक शैलेश माथुर ने संत से धार्मिक समारोह के सफल आयोजन हेतु उनसे आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर आदर स्वरूप संत रिछपाल जी महाराज को शॉल व श्याम बाबा का दुपट्टा ओढाकर उनकी चरण वंदना की। आगामी 12 नवंबर से 4 दिनों तक होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह व संपूर्ण धार्मिक कार्यक्रमों की विवरण पत्रिका भी दी गई। त्रिवेणी धाम के संत श्री रिछपाल जी महाराज ने श्याम रंगीला परिवार एवं मंदिर निर्माण में अपना आर्थिक योगदान व सहयोग करने वाले सभी भक्तों के लिए मंगल कामना करते हुए अपना आशीर्वाद दिया तथा प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर सानिध्य प्रदान करने का निमंत्रण स्वीकार कर अनुग्रहित किया

अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी साहू ने विद्यालय का किया निरीक्षण

निवाई। अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दयालपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी सीताराम साहू ने राजकीय विद्यालय दयालपुरा का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए छात्र छात्राओं से संवाद कर शिक्षा का स्तर जांचा व विद्यालय स्टाफ को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण हेतु मार्ग दर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 3 अध्यापक उपस्थित मिले व 2 अवकाश पर पाए गए। इसी प्रकार 40 विद्यार्थियों में से 36 विद्यार्थी उपस्थित मिले। कक्षा 8 की छात्रा शिवानी महावर के जवाबों से संतुष्ट होकर छात्रा को नकद पुरस्कार से उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मरम्मत योग्य कक्षा कक्षों हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। विभागीय दिशा निर्देशानुसार मेगा पीडीएम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कृष्ण भोग भोजन कराया गया। अभिभावकों के साथ चर्चा की। उन्होंने उक्त विद्यालय की समस्त गतिविधियों का अवलोकन किया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी सीताराम साहू ने शैक्षिक सुधार एवं नामांकन वृद्धि की आवश्यकता जताई। इस दौरान उन्होंने प्रधानाध्यापक धीरजसिंह सोलंकी से चर्चा की।

एकता मार्च को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

टोंक। देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम से सिविल लाइन होते हुए पटेल सर्किल तक एकता मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एकता मार्च को प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एकता मार्च के बाद सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों व कार्मिकों ने राष्ट्रीय एकता एवं नशा मुक्त भारत की शपथ ली।

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री चौधरी ने कहा कि देश की आजादी के बाद राष्ट्र को एकजुट रखने में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

रन फॉर यूनिटी को कलेक्टर व पूर्व विधायक रामहेत ने झण्डी दिखाई

खैरथल। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जिला सचिवालय खैरथल तक एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ को जिला

खैरथल में दौड़ का शुभारंभ कराते जिला कलेक्टर व पूर्व विधायक रामहेत यादव।

- सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में दौड़ का हुआ आयोजन

कलक्टर किशोर कुमार एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड़ लक्ष्मी नारायण मंदिर, शनि देव मंदिर, अंबेडकर सर्किल होते हुए जिला सचिवालय खैरथल पर समाप्त हुई।

अधिकारी-कार्मिक, राजस्थान पुलिस के कार्मिक, नर्सिंग स्टूडेंट, स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दौड़ पश्चात राष्ट्रीय एकता हेतु सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों व कार्मिकों ने शपथ ली। इस अवसर पर जिला प्रमुख बालवीर छिल्लर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, सर्किल इंस्पेक्टर राकेश कुमार, डॉ अनिल मांधू, तरुण दुलानी, पीटीआई हरवीर भड़ाना सहित आमजन मौजूद रहे।

एकता दौड़ में विद्यार्थियों ने लिया भाग

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी जी महाविधालय के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के विधार्थियों ने शुक्रवार को जिला स्तरीय राष्ट्रीय एकता दौड़ में भाग लिया। नशा मुक्त भारत अभियान के संयुक्त तत्त्वाधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। उन्होंने देश की एकता और अखंडता में युवाओं के योगदान के महत्व के बारे में प्रेरित किया। इसके पश्चात् सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई। उन्होंने विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे की लत से दूर रहने और सफल व खुशहाल जीवन के लिये नशा मुक्त समाज के निर्माण में मुख्य भूमिका अदा करने के लिये प्रेरित किया।

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 400 मरीजों की जांच

किशनगढ़ बास। पूज्य सिंधी पंचायत एवं जीव कल्याण सेवा समिति के द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 400 मरीजों की जांच कर 85 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, चैयरमेन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, संयुक्त व्यापार महासंघ

शिविर में सिंधी पंचायत के सदस्यों को पट्टा वितरित करते पूर्व विधायक रामहेत यादव, सहित अतिथिगण।

- 85 को किया चिन्हित, मोतियाबिंद का होगा आपरेशन

अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, युवा नेता विश्वास यादव, अधिशाषी अधिकारी राहुल अग्रवाल एवं सिंघी समाज के मुखी गोकुल दास ने किया। इसके साथ नगर पालिका ने 13 पट्टे वितरित किए।

सिंधी समाज के प्रवक्ता सुनील बतरा ने बताया कि शुक्रवार को संत कंवर राम हरि मंदिर में आयोजित निशुल्क नेत्र , ई. एन. टी एवं हड्डी रोग जांच शिविर में मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ की टीम ने 400 रोगियों की जांच कर 85 मोतियाबिंद के मरीजों को चिन्हित किया शेष लोगों को निशुल्क दवाइयां एवं चश्मे प्रदान किये, मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का यह ऑपरेशन 4 अक्टूबर को मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ में किए जाएंगे मरीज को बस द्वारा ले जाना छोड़ कर जाना चश्मे, दवाइयां इत्यादि भी निशुल्क रहेगी।

इसके अलावा कान नाक गला के 120 मरीजों की जांच कर उनको नि:शुल्क दवाइयां दी गई तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा 90 मरीजों की जांच कर उनको परामर्श दिया इसके अलावा दंत रोग तथा हेल्थ केयर के मरीजों की भी जांच कर दवाइयां निशुल्क दी गई।

ईओ राहुल अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका की ओर से पूज्य सिंधी पंचायत को संत कंवर हरि मंदिर एवं सात अन्य सिंधी समाज के लोगों के सहित 13 पट्टे प्रदान किये। जिनका वितरण पूर्व विधायक रामहेत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, सहित अतिथियों के द्वारा कराया गया। इस दौरान ईओ ने बताया कि जिन्होंने अभी तक डिमांड राशि नहीं जमा कराई है वह 3 से 7 नवंबर तक लगने वाले फोलोअप शिविर में जमा करा सकते हैं इसके उपरांत सरकार की और से दी गई छूट नहीं दी जाएगी।

अनाज मण्डी मे सिलसिलेवार 16 दुकानों में हुई नकबजनी वारदात का पर्दाफाश

चाकसू। चाकसू पुलिस ने गत दिनों कृषि उपज मंडी चाकसू में सिलसिलेवार 16 दुकानों में हुई चोरी का पर्दाफाश करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है इसके साथ ही वारदात में लिप्त आधा दर्जन अपराधियों को चिन्हित किया है।

राजर्षि पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 24-25 अक्टुबर 2025 की रात्रि को कृषि उपज मण्डी चाकसू जिला जयपुर में अज्ञात चोरों द्वारा मण्डी परिसर में 16 दुकानों के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया था। उक्त वारदात को अंजाम देने वाले नकबजनों की गिरफ्तारी के लिये ललित किशोर शर्मा एवं पुनम चंद विश्नोई अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तथा सहायक पुलिस आयुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में पुलिस टीमो का गठन कर अनुसंधान की शुरू किया गया।

वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों का केन्द्र बिन्दु महुआ, मण्डावर जिला दौसा के आसपास केन्द्रित होना सामने आया जो स्वीफ्ट डिजायर कार से आये थे और वारदात के बाद अर्टिगा कार मे बैठकर गये थे थाना प्रभारी मनोहर लाल ने बताया कि तलाश के दौरान की घटना में प्रयुक्त

- दो आरोपी गिरफ्तार एओ वारदात मे प्रयुक्त दो कारे जब्त

वाहन कार स्वीफ्ट डिजायर न. 14 2693 व अर्टिगा कार न. 34 4703 को इलाका थाना मण्डावर जिला दौसा से मय उनके चालक अटल बिहारी मीणा उर्फ अजय व महेन्द्र सैनी को गिरफ्तार कर कर अनुसंधान शुरू किया गया जानकारी में आया कि वारदात को अंजाम देने के लिये वाछिंत आरोपी शिवराम मीणा व उसका भाई शिवदयाल मीणा उर्फ शिवा पुत्रा राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम सायपुर पाखर मंडावर जिला दौसा एवं इनके रिश्तेदार जितेन्द्र कुमार उर्फ जितू मीना एंव उसका भाई पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ मटोली मीणा पुत्रा चन्द्र लाल मीना निवासी महवा जिला दौसा तथा अन्य साथीगण वारदात की चालक अटल बिहारी मीणा उर्फ अजय निवासी ईसरी खेडा के साथ रात्रि कस्बा चाकसू आये और कृषि मंडी चाकसू में सेंध लगाकर करीब 16 दुकानो मे नकबजनी की वारदात को अंजाम देने के बाद दूसरे वाहन कार अर्टिगा के चालक महेन्द्र सैनी निवासी सायपुर पाखर के साथ जाकर सम्पूर्ण वारदात को अंजाम दिया गया।

राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत होकर उत्साह के साथ जयंती मनाई

दौसा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता की भावना से ओतप्रोत होकर बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, पुलिस एवं एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा, जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला एवं अन्य अधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति समर्पण की शपथ ली। इसके पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। जिला कलक्टर,

माल्यापर्ण करते जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार।

- रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा में जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित नागरिकों ने भाग लिया

पुलिस अधीक्षक एवं जिला अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी एवं पदयात्रा को रवाना किया।

वादकों ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा... इत्यादि धुन का वादन किया। यात्रा सोमनाथ चौराहे होते हुए गांधी तिराहे तक पहुंची। इस दौरान राष्ट्रीय एकता के संदेश देने वाली रंगोली बनाई गई एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने तत्कालीन रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज का दिन हमें उनकी दूर दृष्टि के साथ दृढ़ निश्चय और राष्ट्र प्रेम से प्रेरणा लेने का सौभाग्य प्रदान करता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर अरविंद शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल, यूआईटी सचिव मूलचंद लूनिया, नगर परिषद आयुक्त कमलेश मीणा, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, पुलिस उपाधीक्षक रवि शर्मा, विशिष्ट केंद्रीय कारागार के अधीक्षक डॉ. पारस जांगिड़, माय भारत की जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी, जिला खेल अधिकारी मनोज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद खेल उत्सव में केंद्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों को बढ़ाया मनोबल

राजगढ़। केंद्रीय वन पर्यावरण जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को प्रताप स्टेडियम में आयोजित सांसद खेल उत्सव में खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर मनोबल बढ़ाया। केंद्रीय मंत्री ने स्वागत सत्कार से किनारा कर खिलाड़ियों के साथ ज्यादा समय व्यतीत करने को वरीयता दी। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी एवं खो खो सहित अन्य खेलों का लुत्फ़ भी उठाया। इससे पूर्व करीब 12बजे प्रताप स्टेडियममे सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का भाजपा नेताओं पदाधिकारी एवं खिलाड़ी छात्र छात्राओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सांसद के स्वागत में स्कूली छात्र-छात्रा भी पीछे नहीं रहे। इस अवसर पर उन्होंने 400 मीटर दौड़ एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। दौड़ में भागने वाले प्रतिभागियों को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने रस्सा कसी, कुश्ती, एवं अन्य खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों से रूबरू हुए।

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:8236 जाहिर आम-सूचना दिनांक:31.10.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में फ्लैट संख्या 26/A3/109 (1-F) (EWS) (ANUPAM APARTMENT) (एरिया 11.480 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मुरलीधर माखीजा पुत्र स्व. श्री गुनामल को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 634 दिनांक 16.04.2025 को जारी किया गया। श्री मुरलीधर माखीजा की मृत्यु दिनांक 09.01.2024 को हो जाने के कारण इनकी पुत्र श्री जीतू माखीजा पुत्र स्व. श्री मुरलीधर माखीजा द्वारा उक्त फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: उक्त फ्लैट के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्री जीतू माखीजा पुत्र स्व. श्री मुरलीधर माखीजा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी
क्रमांक-1426 दिनांक-30.10.2025
आवश्यक सूचना मूलतः आवास संख्या 5/168 अरावली विहार, भिवाडी श्री हीरालाल खींट पुत्र श्री नानाजी खींट को आवंटन पत्रांक 269 दिनांक 10.04.2012 के द्वारा आवंटित किया गया था। मण्डल द्वारा इनके पक्ष में अदेय प्रमाण पत्र संख्या 2261 दिनांक 17.08.2012 जारी किया जा चुका है। उक्त आवास की रजिस्ट्री दिनांक 13.02.2013 को पंजीकृत मुख्त्यारआम धारक की हैसियत से श्री रामचन्द्र पुत्र श्री हनुमान द्वारा स्वयं के पक्ष में उप पंजियक भिवाडी में पंजिकृत करवाई जा चुकी है। श्री रामचन्द्र द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 13.02.2013 के पंजीकृत बयनामें द्वारा स्वयं को किया गया। मण्डल द्वारा श्री रामचन्द्र पुत्र श्री हनुमान के पक्ष में लीज स्थानान्तरण आदेश क्रमांक 4280 दिनांक 28.02.2013 को जारी किये जा चुका है। इनके द्वारा उक्त आवास का बेचान दिनांक 14.07.2022 के पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री संदीप को किया गया है। श्रीमती मंजू देवी द्वारा स्वयं के नाम से आवास का लीज डीड परिवर्तन करने के लिए प्रपत्र एवं प्रशासनिक शुल्क उच्च आय वर्ग एक बार विक्रय का राशि रूपये 20000.00 जमा कराकर चालान व आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उक्त मकान का लीज स्थानान्तरण उनके पक्ष में किया जावें। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आशाह किया जाता है कि उक्त मकान संख्या 5/168 अरावली विहार, भिवाडी के संबंध में किसी प्रकार का किसी भी व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड भिवाडी में अपना एतराज लिखित में प्रस्तुत करें अन्यथा श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री संदीप के पक्ष में मकान संख्या 5/168 अरावली विहार, भिवाडी के लीज स्थानान्तरण की कार्यवाही की जावेगी।
आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-भिवाडी

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना सं. 196 to197/25-26
मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 21.11.2025 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या: 196; कार्य का नाम व स्थान: सहायक मण्डल इंजीनियर/रतनगढ़ के अधीन सादुलपुर-रतनगढ़ और रतनगढ़-बीकानेर खंडों में 20.575 किलोमीटर की टीबीआर) लूप लाइनों (से संबंधित सहायक कार्य। अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 17738970.67; धरोहर राशि: Rs. 238700.00; निविदा संख्या: 197; कार्य का नाम व स्थान: सहायक मण्डल इंजीनियर/सिरसा के अंतर्गत ट्रैक कार्यों की विविध मरम्मत एवं रखरखाव) 2 वर्ष के लिए अनुमानित लागत मूल्य: Rs. 34968038.39; धरोहर राशि: Rs. 324900.00; नोट: अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 1391-AN/25
हमें NWRailways पर फॉलो करें
दिनांक-31.10.2025 (श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर, मोबाईल-9829218044

खोया पाया
मेरे हाउसिंग बोर्ड के मकान नं. डी3/3/02 (3-एफ) द्वारकापुरी, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का अलाटमेंट लेटर, पट्टा, साईड प्लान, रसीद गुम हो गया है मिलने पर सम्पर्क-रामबाबू शर्मा पुत्र श्री बाछूराम निवासी बीलवा 9413970334

नाम परिवर्तन
मेरे पासपोर्ट में मेरा Nidhyat Vinod Chopra है और सभी दस्तावेजों में Nidhyat Chopra है यह दोनों नाम मेरे है भविष्य में मुझे Nidhyat Chopra के नाम से जाना पहचाना जाये।
I have changed my name my daughter school record from Riya Sharma D/o Pawan Sharma to Riya Sharma D/o Pawan Kumar Sharma for all purpose. R/o 48 Shyam Vihar Heerapura Jaipur-302021

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल श्री अब्बास खान पुत्र स्व. मुंशी खान, जाति मुसलमान, निवासी वार्ड नं. 14, नागौरिया का मोहल्ला, रावण गेट, चौमूं, हारोता, जयपुर-303702 (राज.) स्वयं के पिताजी श्री मुंसी खान पुत्र श्री आजदार खान के नाम से आवासीय प्लाट नम्बर 83, रामनगर शोपिंग सेन्टर, शास्त्री नगर, जयपुर (राज.) जिसका कुल क्षेत्रफल 41.67 वर्गगज अर्थात 34.84 वर्गमीटर है जो कि निर्मित अवस्था में है जिसे मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल की पत्नी श्रीमती शहनाज बानो पत्नी श्री अब्बास खान एवं मेरे मुवक्किल के पिताजी श्री मुंसी खान पुत्र श्री आजदार खान के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एचडीएफसी लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरा मुवक्किल स्वयं के पिताजी श्री मुंसी खान पुत्र श्री आजदार खान के स्वामित्व की उक्त अचल सम्पत्ति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक में विलय से पूर्व नाम एचडीएफसी लिमिटेड) सी-25, भगवान दास रोड, सेन्ट अवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहता है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक